जब भी श्याम के सेवक पर कोई संकट आएगा भजन लिरिक्स

जब भी श्याम के सेवक पर कोई,
संकट आएगा,
श्याम धणी लीले पर चढ़कर,
दौड़ा आएगा।bd।

तर्ज – अब तो आजा करके बाबा।

इस कलियुग में श्याम ही देता,
दुखियारों का साथ,
हार भगत की देख ना सकता,
मेरा दीनानाथ,
हाथों से निकली बाजी भी,
हाथों से निकली बाजी भी,
तुझे जिताएगा,
श्याम धणी लीले पर चढ़कर,
दौड़ा आएगा।bd।

तूफानों में कागज़ की,
कश्ती तैरा देगा,
तेरे दुखड़ों को सांवरिया,
जड़ से उखाड़ेगा,
तेरे सर पे हाथ ये अपना,
तेरे सर पे हाथ ये अपना,
श्याम फिराएगा,
श्याम धणी लीले पर चढ़कर,
दौड़ा आएगा।bd।

जैसे भी हालात हो 'माधव',
हिम्मत कभी ना हार,
तेरे हर एक कदम कदम का,
साथी लखदातार,
तुझको तेरी परछाई में,
तुझको तेरी परछाई में,
नज़र वो आएगा,
श्याम धणी लीले पर चढ़कर,
दौड़ा आएगा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने फ़ोन में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जब भी श्याम के सेवक पर कोई,
संकट आएगा,
श्याम धणी लीले पर चढ़कर,
दौड़ा आएगा।bd।

Singer – Ankit Pandey

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com